उत्तर प्रदेश से प्राप्त सूचना के अनुसार कोल इंडिया लि० द्वारा अभी तक उत्तर प्रदेश में कोई थोक बिक्री डीलर की नियुक्ति नहीं की है।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदक उपरोक्त योजना के अंतर्गत थोक बिक्री डीलरों के रूप में नियुक्ति प्राप्त किए जाने के हकदार हैं, बशर्ते कि वे योजना में दी गई वाणिज्यिक शर्तों को पूरा करते हों।

देश में कोयला खानें

27. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल: क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय कितनी कोयला खानें हैं ;

(ख) इन खानों में इस समय कितने लोग कार्यरत हैं; और

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान इन खानों से प्रति वर्ष कितनी मात्रा में कोयला निकाला गया ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) और (ख) कोल इंडिया लि० तथा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि० की कोयला खानों की कुल संख्या तथा इन खानों में कार्यरत कार्मिकों की संख्या नीचे दी गई है :–

कंपनी का नाम	खानों की सं०	1–4–93 की स्थिति के अनुसार कार्यरत कामगारों की संख्या
1. कोल इंडिया लि०	451	5,56,342
2. सिंगरेनी कोलियरीज कं० लि० . .	65	1,15,025

(ग) पिछले 5 वर्षों के दौरान कोल इंडिया लि० तथा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि० की कोयला खानों में उत्पादित कोयले की वर्ष-वार मात्रा नीचे दी गई है :–

(आंकड़े मि० टन में)

वर्ष	कोल इंडिया लि०	सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि०
1988–89	171.50	18.61
1989–90	178.60	17.80
1990–91	189.68	17.71
1991–92	204.14	20.58
1992–93*	211.22	22.60

*आंकड़े अनन्तिम

गुजरात में उद्योगों के लिये स्टीम कोयले की पूर्ति

28. श्री राम सिंह राठवा :
श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने गुजरात में उद्योगों को पूर्ति के लिए चालू वर्ष अर्थात् 1993–94 के वर्ष के दौरान जिला-वार स्टीम कोयले की कितनी मात्रा का आवंटन किया है;

(ख) क्या यह सच है कि गुजरात राज्य में उद्योग के लिए जिला-वार मंजूर किए गए स्टीम कोयला उनके लिए स्वीकृत मात्रा के अनुरूप आवंटन नहीं किया जाता है और इस संबंध